प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 24 फरवरी, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज झारखण्ड विधान सभा में भारत के संविधान के अनुच्छेद 176(1) के अंतर्गत षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा के द्वितीय (बजट) सत्र को संबोधित किया।

इससे पूर्व राज्यपाल महोदय के झारखण्ड विधान सभा परिसर पहुँचने पर विधान सभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्र नाथ महतो द्वारा स्वागत किया गया।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को नमो ई-लाईब्रेरी एवं साइबर पीस कम्युनिटी सेंटर के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किया।